पत्रांक–अ०सं०क०–06–10–2025............................/

**बिहार सरकार**

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

---

प्रेषक,

**मो० नुरूल ऐन**
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार (ले० एवं ह०)**
पटना।

पटना, दिनांकः–

**विषय :– मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पात्र लाभुकों को प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालित किये जाने हेतु प्राक्कलित राशि ₹24.56 लाख (चौबीस लाख छप्पन हजार छः सौ बियालिस) रूपये मात्र की प्रशासनिक एवं उक्त पोर्टल पर आवर्ती व्यय की स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त राशि की निकासी एवं व्ययन की स्वीकृति ।**

**आदेशः– स्वीकृत।**

महाशय,

मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पात्र लाभुकों के आवेदन आमंत्रण एवं प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालनार्थ पोर्टल के निर्माण एवं संचालन हेतु राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, National Informatics Centre Services Inc. द्वारा राशि ₹24.56642 लाख (चौबीस लाख छप्पन हजार छः सौ बियालिस) रूपये मात्र का प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है।

2. उक्तालोक में मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत पात्र लाभुकों द्वारा आवेदन आमंत्रण एवं प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालनार्थ पोर्टल के निर्माण एवं संचालन हेतु PI Division NICSI द्वारा प्राक्कलित राशि ₹24.56642 लाख (चौबीस लाख छप्पन हजार छः सौ बियालिस) रूपये मात्र की प्रशासनिक एवं उक्त पोर्टल पर आवर्ती व्यय की स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 में उक्त राशि ₹24.56642 लाख (चौबीस लाख छप्पन हजार छः सौ बियालिस) मात्र की अग्रिम निकासी एवं भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से अग्रिम विपत्र BTC Form- 26 के माध्यम से उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा की जायेगी। उक्त स्वीकृत राशि ₹2456642.00 (चौबीस लाख छप्पन हजार छः सौ बयालिस रुपये) मात्र की निकासी कर RTGS/NEFT के माध्यम से National Informatics Centre Services Incorporated, New Delhi के Bank A/c No.- NICSIPPCBR250666, IFSC Code- ICIC0000104, ICICI Bank CMS में अन्तरित की जायेगी। उक्त स्वीकृत राशि के अंतरण के पश्चात् भुगतान संबंधी प्रतिवेदन UTR सहित प्रशाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें।

4. यह राशि बजट मांग संख्या–30 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 2225 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्गो और अल्पसंख्यकों का कल्याण, उप मुख्य शीर्ष–04 अल्पसंख्यकों का कल्याण लघु शीर्ष–102 आर्थिक विकास, उप शीर्ष –0101 अल्पसंख्यक कल्याण अंतरपूर्ति योजना, विषय शीर्ष एवं वस्तु 21–01 (सामग्री एवं पूर्तियां) विपत्र कोड–30–2225041020101 में प्रावधानित राशि से विकलनीय होगी।

5. विभाग को उक्त पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, पटना उक्त राशि का मूल अभिश्रव/विपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि डी०सी० विपत्र तैयार कर महालेखाकार, बिहार, पटना को भेजा जा सकें।

6. पोर्टल के संचालन के क्रम में आवर्ती व्यय का भुगतान विभाग द्वारा राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, National Informatics Centre. के विपत्र के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा।

7. वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–7355 (वि०), दिनांक–05.10.2007 के आलोक में इस राशि की निकासी हेतु महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

कृ०पृ०उ०.....

8. उक्त योजना का प्रस्ताव विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक दिनांक–06.01.2026 द्वारा अनुशंसोपरांत विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित स्कीम स्क्रीनिंग समिति की बैठक दिनांक–09.01.2026 द्वारा अनुशंसित है।

9. उक्त योजना की राशि की अग्रिम निकासी पर माननीय विभागीय मंत्री से अनुमोदन प्राप्त है।

10. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निकासी के दौरान वित्त नियमावली के नियमो व वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी संकल्पों एवं परिपत्रों का अनुपालन सुनिश्चित करेगें।

11. उपर्युक्त पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–अ०सं०क०–06–10–2025 के पृ० सं० 20/टि० पर प्राप्त है।

12. उपर्युक्त पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– **अ०सं०क०–06–10–2025**......................../पटना, दिनांकः–
प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– **अ०सं०क०–06–10–2025**......................../पटना, दिनांकः–
प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– **अ०सं०क०–06–10–2025**......................../पटना, दिनांकः–
प्रतिलिपिः–उप सचिव–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/लेखा शाखा, (दो प्रतियों में), अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– **अ०सं०क०–06–10–2025**......................../पटना, दिनांकः–
प्रतिलिपिः– राज्य सूचना विज्ञान पदाधिकारी, National Informatics Centre, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– **अ०सं०क०–06–10–2025**.....642...../पटना, दिनांकः– 13/01/26
प्रतिलिपिः–आई०टी० प्रबंधक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 13/01/2026.
सरकार के उप सचिव